# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 19 मई, 2020 dailysamvad.com Email: dailysamvad@gmail.com







## एक नजर

### बलूचिस्तान में दो आतंकी हमले में सात पाकिस्तानी सैनिकों की मौत



**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग अलग आतंकी हमलों में सात पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक वक्तव्य में यह जानकारी दी गई। पाकिस्तानी फौज के मीडिया विभाग अंतर-सेवा जन संपर्क (आईएसपीआर) ने कहा कि आंतकियों ने सोमवार रात को पीर गैब क्षेत्र में फंटियर कोर के एक वाहन को आईईडी विस्फोट से उड़ा दिया जिससे पाकिस्तानी सेना के छह सैनिकों की मौत हो गई।

### पोम्पिओ ने चीन से पूछा, 24 साल से क़ैद पंचेन लामा आखिर कहां हैं?

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने चीन से कहा है कि उसे तत्काल यह सार्वजनिक करना चाहिए कि पंचेन लामा कहां हैं और साथ ही धार्मिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने की अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचेन लामा तिब्बती बौद्ध धर्म की सर्वाधिक महत्वपूर्ण हस्तियों में से एक हैं जिनका स्थान आध्यात्मिक प्राधिकार के रूप में दलाई लामा के बाद दूसरे नंबर पर है। पोम्पिओ की टिप्पणी 11वें पंचेन लामा के लापता होने की 25वीं बरसी के अवसर पर आई है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि उनका विभाग धार्मिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने और इसके संरक्षण को प्राथमिकता देता है, विशेषकर चीन के मामले में जहां सभी धर्मों के लोगों को गंभीर दमन और भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

### ब्रिटेन से करीब 2,200 भारतीयों को लाया गया,



लंदन। कोरोना वायरस से संक्रमण के चलते अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर लगी रोक की वजह से ब्रिटेन में फंसे करीब 2,200 भारतीयों को वंदे भारत मिशन के पहले चरण में स्वदेश लाया गया है। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़े में दी गई। भारत सरकार द्वारा विदेश में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए शुरू अबतक के सबसे बड़े मिशन के तहत एअर इंडिया की पहली उड़ान का परिचालन आठ मई को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से मुंबई के बीच किया गया। इसके साथ ही भारतीय छात्रों और पर्यटकों को लेकर ब्रिटेन से भारत के विभिन्न शहरों के लिए विशेष उड़ानों का परिचालन शुरू हुआ।

## जालंधर के मेयर और यूनियन के बीच फिर ठनी, कमिश्नर के कहने पर कूड़ा उठना शुरू, लेकिन विवाद जारी,

**डेली संवाद, जालंधर**



कूड़ा गाड़ियों में डीजल की खपत पर निगरानी को लेकर आंदोलनरत हुए मुलाजिमों ने आखिरकार मंगलवार से कूड़ा उठाना शुरू कर दिया है। हालांकि मेयर जगदीश राजा और यूनियन के बीच विवाद अभी ठंडा नहीं पड़ा है। ड्राइवरों ने मंगलवार को नगर निगम कमिश्नर के साथ मीटिंग के बाद काम शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक ड्राइवर एंड टेक्निकल वर्कर यूनियन से जुड़े मुलाजिम कूड़े से भरे वाहनों का वजन नहीं करवा रहे हैं। मेयर जगदीश राजा और हेल्थ एंड सैनिटेशन कमेटी के मेंबर धर्म कांटा पर गाड़ियों का इंतजार करते रहे लेकिन ज्यादातर मुलाजिम वजन करवाने के लिए गाड़ियां लेकर नहीं आए। उधर, हेल्थ एंड सेनिटेशन कमेटी के चेयरमैन बलराज ठाकुर ने कहा है कि सिस्टम में सुधार लाने के लिए मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि उनका मकसद सिर्फ सिस्टम में सुधार लाना है, किसी भी अधिकारी, पार्षद या कमेटी सदस्य ने मुलाजिमों के खिलाफ कोई बात नहीं कही है। नगर निगम की ड्राइवर एंड टेक्निकल यूनियन के प्रधान देवानंद ने मेयर जगदीश राजा पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट में सफाई सेवक, सीवरमैन, ड्राइवर काम कर रहे हैं। शहर की पूरी सफाई की जा रही है लेकिन मेयर ऐसे समय में मुलाजिमों का हौसला बढ़ाने की बजाये काम में रुकावटें पैदा कर रहे हैं। मेयर जगदीश राजा ने कहा कि इन वाहनों की निगरानी की जा रही है, जिससे पता लग सके कि पेट्रोल डीजल की खपत क्यों ज्यादा हो रही है। उन्होंने कहा कि कुछ वाहनों की जांच-पड़ताल उन्होंने राजा खुद किया है। इसी बात को लेकर मुलाजिम नाराज हैं।

## पंजाब में हाऊस टैक्स या प्रापटी टैक्स की बकाया राशि अदा करने की अवधि 30 जून तक बढ़ी

**डेली संवाद, चंडीगढ़**

पंजाब सरकार ने राज्य के नागरिकों को कोविड-19 महामारी के फैलाव के कारण होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए 30 जून, 2020 तक बिना किसी जुर्माने के बकाया हाऊस टैक्स या संपत्ति कर का भुगतान करने की समय सीमा को बढ़ाने का फैसला किया है। इसी तरह राज्य की शहरी स्थानीय निकायों में जल और सीवरेज चार्ज की वसूली के लिए एकमुश्त नीति के तहत समय सीमा को भी 30 जून, 2020 तक बढ़ा दिया गया है।

स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने यह निर्णय राज्य के नागरिकों को राहत देने के लिए लिया है, जो वर्तमान में कोरोनेवायरस के ख़िलाफ़ इस युद्ध में आगे आकर जंग लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई नीति के अनुसार ऐसे व्यक्ति जो हाऊस टैक्स या संपत्ति टैक्स, इनमें से कोई भी, जमा कराने में विफल रहे, इस अधिनियम के तहत अब मूलधन का एकमुश्त निपटारा 10 प्रतिशत की रियायति दर के साथ 30 जून, 2020 तक करवा सकते हैं।

**अगले तीन महीने के अंदर जमा करवा सकते हैं:** स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा कि जो व्यक्ति 30 जून, 2020 तक हाऊस टैक्स या संपत्ति टैक्स जमा करने में विफल रहते हैं, वे मूलधन की राशि के साथ दस प्रतिशत की दर से जुर्माने के साथ निर्धारित अवधि के बाद अगले तीन महीने के अंदर जमा करवा सकते हैं। श्री ब्रह्म मोहिंद्रा ने आगे कहा कि, वे व्यक्ति जो उपरोक्त राशि को उपरोक्त अवधि और तरीके के अनुसार जमा करने में विफल रहते हैं, वे निर्धारित तारीख के बाद बकाया राशि पर अठारह प्रतिशत की ब्याज दर सहित देय राशि पर बीस प्रतिशत की दर से जुर्माना देना होगा। इसके अलावा राज्य की शहरी स्थानीय निकायों में पानी और सीवरेज शुल्क की वसूली के लिए एकमुश्त नीति की समय सीमा को भी 30 जून, 2020 तक बढ़ा दिया गया है। श्री ब्रह्म मोहिंद्रा ने आगे कहा कि यह विस्तार उस समय की समाप्ति से शुरू होगा जब अधिसूचना दिनांक 12 फरवरी, 2020 की अनुमति दी गई थी। श्री ब्रह्म मोहिंद्रा ने कहा कि इस संबंध में अधिसूचनाएं पहले ही जारी की जा चुकी है।

## देश में कोरोना वायरस के 1 लाख 2 हजार 284 मामले

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 1 लाख 2 हजार 84 हो गई है। आज दिल्ली में 500, राजस्थान में 250, कर्नाटक में 127, ओडिशा में 102, बिहार में 72, आंध्र प्रदेश में 57, असम में 20 और हरियाणा में 14 मरीज मिले। इनके अलावा 814 संक्रमित और बढ़े हैं, लेकिन ये किन राज्यों से हैं यह स्पष्ट नहीं हो सका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में 1 लाख 1 हजार 139 संक्रमित हैं। 58 हजार 802 का इलाज चल रहा है। 39 हजार 173 ठीक हुए हैं और 3163 की मौत हो चुकी है।

देश में संख्या एक लाख के पार हो गई है। इसे 100 मरीजों से यहां तक पहुंचने में 64 दिन लगे। इस मामले में भारत की स्थिति अमेरिका, इटली और ब्रिटेन समेत सभी शीर्ष देशों से बेहतर हे। अमेरिका में सबसे तेज यह आंकड़ा बढ़ा। यहां 100 से एक लाख मरीज होने में सिर्फ 25 दिन लगे थे।

### देशभर से लॉकडाउन-4 की तस्वीरें

लॉकडाउन-4 में मिली सहूलियतों के बाद देश भर में लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। बेंगलुरु में मंगलवार को लालबाग बॉटेनिकल गार्डन में मॉर्निंग वॉक पर जाने वालों की लंबी कतार नजर आई। करीब दो महीने बाद इस पार्क को हर दिन सीमित समय के लिए खोलने की इजाजत दी गई है। वहीं, दिल्ली और गुजरात के राजकोट में चाय की दुकानें खुलने लगी हैं। दुकानदारों को सोशल डिस्टेंसिंग और सफाई के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दुकानों पर एक बार में पांच से ज्यादा लोग इकट्ठे नहीं हो सकेंगे।

### विश्व में अब तक 49.10 लाख संक्रमित और 3.20 लाख मौतें




**वॉशिंगटन.** विश्व भर में कोरोनावायरस से अब तक 49 लाख 10 हजार 481 लोग संक्रमित हो चुके हैं। 19 लाख 19 हजार 129 ठीक हुए हैं। वहीं, मौतों का आंकड़ा 3 लाख 20 हजार 448 हो गया है। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कोरोना अब देश में महामारी नहीं है। सोमवार को इससे जुड़े मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कोरोना के कारण लगाई गई सभी पाबंदियों को हटाने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि अगर स्वास्थ्य अधिकारियों को आपत्ति न हो तो मॉल खोले जाएं। बाजारों को खोलने से बैन हटाया जाए। कोर्ट ने सरकार से यह भी पूछा कि आखिर कोरोना से निपटने में इतनी ज्यादा रकम क्यों खर्च हो रही है। पाकिस्तान में कोरोना के मामले लगातार ब रहे हैं। अब तक यहां 42 हजार 915 मामले सामने आए हैं और 903 लोगों की मौत हुई है।

**अमेरिकी वैक्सीन ट्रायल के बेहतर नतीजे मिले :** कोरोनावायरस का इलाज खोजने के लिए दुनिया भर में वैक्सीन ट्रायल जारी हैं। अमेरिका में कोरोना वैक्सीन के इंसानों पर चल रहे ट्रायल के सकारात्मक नतीजे मिले हैं।

### चीन की लैब का दावा- हमने बना ली कोरोना वायरस का अंत करने वाली दवा

**नई दिल्ली :** कोरोना संकट के बीच चीन ने लैब ने दावा किया है उन्होंने एक ऐसी दवा विकसित कर ही है जिससे कोरोना को खत्म किया जा सकता है। ये लैब पेकिंग यूनिवर्सिटी की है। चीन में कई लैब्स में कोरोना की नई दवा बनाने की तैयारियां चल रही हैं। लैब के वैज्ञानिक का कहना है कि ये नई दवा न केवल कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्तियों को जल्दी ठीक कर सकती है बल्कि कुछ समय के लिए इस वायरस से इम्युनिटी भी दे सकती है।

### केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने जारी की कचरा मुक्त शहरों की रेटिंग

## इंदौर-मैसूर समेत इन शहरों को मिले 5 स्टार

**डेली संवाद, नई दिल्ली**



केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग जारी की। इसमें पांच शहरों के नाम हैं, जिन्हें पांच स्टार मिलें हैं। हरदीप पुरी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, गुजरात के राजकोट, कर्नाटक के मैसूर, मध्य प्रदेश के इंदौर और महाराष्ट्र के नवी मुंबई को कचरा मुक्त शहरों में फाइव स्टार रेटिंग दी गई है। यानी ये फाइव स्टार कचरा मुक्त शहर हैं। बता दें, पिछले वर्ष केवल तीन शहर ही फाइव स्टार पा सके थे। इस बार इनकी संख्या बढ़कर छह हो गई है। मंगलवार दोपहर स्टार रेटिंग के परिणाम घोषित किए। इंदौर ने पिछले साल की तरह इस बार भी सेवन स्टार रेटिंग के लिए दावा पेश किया था। हालांकि इंदौर को फाइव स्टार रेटिंग से ही संतोष करना पड़ा था। कचरा मुक्त शहरों की सूची में इन पांच इलाकों को केंद्र ने दिये 5 स्टार, दिल्ली रह गई पीछे केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि करनाल, नई दिल्ली, तिरुपति, विजयवाड़ा, चंडीगढ़, भिलाई नगर, अहमदाबाद 3 स्टार कचरा मुक्त रेटिंग में शामिल किए गए हैं।

## बीजेपी ने पंजाब में 6 प्रमुख मोर्चे की घोषणा की, इन नेताओं को सौंपी गई कमान, सूबे को तीन जोन में बांटा

**डेली संवाद, चंडीगढ़**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने पंजाब भाजपा संगठन को सुदृढ़ता व मजबूती देने के लिए और पार्टी के कार्य में गति लाने के लिए प्रदेश के 33 जिलों को तीन जोनों में बाँट कर प्रदेश के तीनों महामंत्रियों को अतरिक्त 11 जिलों का कार्यभार सौंपा है। जोन नंबर 1 का प्रभारी जीवन गुप्ता को बनाते हुए उन्हें अमृतसर शहरी, अमृतसर देहाती, तरनतारन, बटाला, गुरदासपुर, पठानकोट, मोगा, जगराओं, बरनाला, संगरूर 1, संगरूर 2 का प्रभारी बनाया है। जोन नंबर दो के 11 जिलों में महामंत्री डॉ सुभाष शर्मा को मोहाली, रोपड़, फतेगढ़ साहिब, नवा शहर, कपूरथला, जालंधर उत्तरी, जालंधर दक्षणी, जालंधर शहरी, होशियारपुर, मुकेरिया, खन्ना, के जिले सौंपे है। प्रदेश महामंत्री मलविंदर सिंह कंग को लुधियाना, मानसा, पटियाला नार्थ, पटियाला साउथ, पटियाला शहरी, बठिंडा देहाती, बठिंडा शहरी, फ़िरोज़पुर, फाजिल्का, मुक्तसर, फरीदकोट का प्रभार सौंपा है। इसके अतिरिक्त प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने प्रदेश महिला मोर्चा की प्रभारी वरिंदर कौर थादीं, किसान मोर्चा का प्रभारी तरलोचन सिंह गिल, युवा मोर्चा का प्रभारी राजेश हनी, बी सी मोर्चा का प्रभारी एस एस चन्नी और एस सी मोर्चा का प्रभारी राजेश बग्गा को बनाया है।

## जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में मार गिराए दो आतंकवादी, तीन जवान घायल

**डेली संवाद, श्रीनगर।**



जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के पुराने इलाके में सुरक्षा बलों की घेराबंदी तथा तलाश अभियान के दौरान मंगलवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए जबकि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान सहित तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर राज्य पुलिस के विशेष अभियान दल और सीआरपीएफ के जवानों ने मंगलवार को तड़के दो बजे श्रीनगर में नवाकदल की घनी आबादी वाले कनेमजार क्षेत्र में तलाश अभियान शुरू किया।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के जवान जब एक लक्षित मकान की ओर बढ़ रहे थे, तो वहां छुपे हुए आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों के जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलियां चलाई। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में जो आतंकवादी मारे गया जबकि सुरक्षा बलों के तीन जवान घायल हो गए।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों के भाग निकलने की कोशिश नाकाम करने के लिए सुरक्षा बलों के अतिरिक्त जवान मौके पर पहुंच गए हैं। सूत्रों ने बताया कि श्रीनगर में सुरक्षा कारणों से मोबाइल इंटरनेट सेवा स्थगित कर दी गई है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक मुठभेड़ जारी थी।

## नाराज ग्रामीणों ने विधायक को गन्ने के खेत में दौड़ाया, जान बचाकर भागे नेताजी

**डेली संवाद, अयोध्या।**



उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में एक बड़ी खबर सामने आई है. ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार में शामिल होने आए बीजेपी विधायक बाबा गोरखनाथ को मौके से खदेड़ दिया. दरअसल, बाबा गोरखनाथ बीजेपी के एक नेता की हत्या के बाद उसकी अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए आए थे। इस दौरान नाराज गांव वालों ने उन्हें अपशब्द कहते हुए खदेड़ दिया. इस दौरान बाबा गोरखनाथ को अपनी जान बचाने के लिए गन्ने के खेत से होते हुए भागना पड़ा. हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस में किसी तरह गांव वालों के गुस्से से बचाकर उनको सुरक्षित स्थान पर निकाला। जानकरी के मुताबिक, इस घटना का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. कहा जा रहा है कि मौके पर मौजूद भाजपा सांसद लल्लू सिंह के समर्थकों ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक बाबा गोरखनाथ को अपशब्द बोलते हुए दौड़ा दिया. इसके बाद बाबा गोरखनाथ गन्ने के खेत से होते हुए भागने में ही अपनी भलाई समझी।

दरअसल, 18 मई सोमवार की सुबह थाना इनायतनगर के धर्मगंज बाजार में मकान के निर्माण को लेकर पंचायत चल रही थी, जिसमें भाजपा नेता और पलिया प्रतापपुर शाह के ग्राम प्रधान जयप्रकाश सिंह व प्रधानी चुनाव में रनर रहे राम पदार्थ यादव से कहासुनी हुई. इसके बाद राम पदार्थ यादव ने ग्राम प्रधान जयप्रकाश को गोली मार दी. जयप्रकाश सिंह के गिरने के बाद ही प्रधान समर्थकों में से कोई अज्ञात व्यक्ति राम पदार्थ यादव को भी गोली मार दी. पोस्टमार्टम के बाद देर शाम ग्राम प्रधान का गांव के ही बाहर अंतिम संस्कार हो रहा था।

तभी इलाकाई विधायक बाबा गोरखनाथ अंतिम संस्कार में पहुंच गए. उसी वक्त सांसद लल्लू सिंह के समर्थकों ने बाबा गोरखनाथ को खदेड़ दिया. इसके बाद विधायक बाबा गोरखनाथ को गन्ने के खेत से भागना पड़ा और मौके पर मौजूद स्थानीय पुलिस ने उनको सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया. भाजपा सांसद के करीबी जयप्रकाश सिंह के विधायक बाबा गोरखनाथ से संबंध अच्छे नहीं थे, जिसके बाद इस तरह की घटना व भाजपा में गुटबाजी सामने आई।

### ईरान में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में दंपति को मौत की सजा

**तेहरान।** ईरान की एक विशेष भ्रष्टाचार निरोधी अदालत ने एक दंपति को मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य आरोपों में दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई है। न्यायपालिका के प्रवक्ता गुलमोहसिन इस्माईली ने मंगलवार को बताया कि दंपति नजवा लेशीदाई और उनके पति वाहिद बेहजादी को मुद्रा की तस्करी करने और 20 करोड़ डॉलर का घोटाला करने का दोषी पाया गया है। अधिकारियों ने दंपति के पास से लगभग 300 किलोग्राम सोना भी जब्त किया और कहा कि उन्होंने देश के शीर्ष वाहन निर्माता साईपा से 6,700 कारें खरीदी हैं। साइपा से जुड़े आरोपों के सिलसिले में अदालत ने दो मंत्रियों फरीदून अहमदी और मोहम्मद अजीजी को पांच साल जेल की सजा के साथ ही साईपा के पूर्व सीईओ मेहदी जमाली को सात साल जेल की सजा सुनाई।








